

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 39 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 09 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4




पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## आस्था और धर्म बहुत संवेदनशी विषय, इन पर सामान्य व्यक्ति का बोलना उचित नहीं

### आपकी बात पर समाज विश्वास करता है तो जि मेदारी का परिचय भी देना आपका दायित्व है





जब हम समाज के बीच कोई जि मेदारी वाला काम करते है और हमारे व्यवहार से एक बड़ा समाज प्रभावित होता है तब ऐसे दायित्वों का निर्वाह बहुत जि मेदारी से करने की आवश्यकता होती है यहाँ हमारी व्यक्तिगत आत्म संतुष्टि का कोई स्थान नहीं होता और व्यक्तिगत संतुष्टि के बारे में विचार करने से समाज का बड़ा अनर्थ भी होता है । समाज के बड़े अनर्थ को रोकने के लिये कुछ सगे संबंधियों को भी संतुष्ट करने की मानसिकता का परित्याग करना ही अपना प्रथम कत्तर्व्य मानना चाहिये ।

समाज का बड़ा वर्ग यदि आपकी बात पर विश्वास करता है तो इसे अपना सौभाग्य समझना चाहिये और विश्वास को अपने जीवन की सबसे बड़ी पूंजी समझना चाहिये अपनी विश्वसनीयता को बचाये रखने के लिये पूरी जि मेदारी का परिचय देना चाहिये । आप पर विश्वास किया जा रहा है तो इस बात का पूरा ध्यान भी रखना चाहिये कि आपकी बात से समाज में कोई अनिष्ठ न हो, समाज के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर आँच तो नहीं आ रही है, यह चिंता होना चाहिये । आपकी बात से कोई विद्रोह की स्थिती तो नहीं बन जायेगी इन सभी बातो पर बहुत विचार किया जाना चाहिये । बात बोलते और लिखते समय सावधानी होना चाहिये किसी बात को लिखने से पहले सौ बार विचार करना चाहिये कि कहीं आपके शब्द किसी बड़े अहित का कारण तो नहीं बन जायेंगे । जिस बात को आप बोल रहे है वह जानकारी किन माध्यमों से प्राप्त हो रही है जानकारी देने वाले का हेतु` या है ?

पिछले दिनों शांति प्रिय जिले में दो संतो का आगमन हुआ दोनो ही संत श्रद्धा के केन्द्र है संभव है दोनों के बीच आपसी मतभेद हो । ऐसी काल्पनिक संभावनाओं को समझते हुये कुछ स्वार्थी तत्व अपने राजनैतिक लाभ और आत्मसंतुष्टि के लिये स्थान तालश रहे है ऐसी घृणित मानसिकता उचित नहीं है । दोनों संतो की स्वीकार्यता समाज के बड़े वर्ग के बीच है । संत संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिये कार्य करते है और वे समाज को धर्म के माध्यम से दिशा देकर श्रेष्ठ समाज निर्माण के लिये कार्य करते है । उनके तरीके भिन्न हो सकते है, उनके मार्ग भिन्न हो सकते है, विधियाँ भिन्न हो सकती है परंतु सभी श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिये यत्न करते है । उनके असं य अनुयायी होते है अनेक ऐसे भक्त होते है जो पूज्य संत के विरूद्ध कुछ भी सुनने को तैयार नहीं रहते इन सारी परिस्थितियों पर बोलने, लिखने तथा अपनी प्रतिक्रिया देते समय गंभीरता से विचार करना चाहिये । सभी संत अपनी धार्मिक संस्कृति और संस्कारों की रक्षा करने के लिये पूरा जीवन समाज को समर्पित करते है उनके प्रति आदर का भाव संपूर्ण समाज में करोड़ो वर्षो से बना हुआ है।

सिवनी की पावन धरा पर पिछले दिनों आये संतो के संबंध में कुछ विश्वनीय माध्यमों ने जो बाते समाज के बीच प्रसारित की वह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं थी। इस प्रकार की बातो से समाज की शांति भी भंग हो सकती थी और आज भी समाज के बीच इन सूचना माध्यमों की खबरों से आक्रोश और असंतोष का वातावरण बना हुआ है । इस प्रकार की खबरों से कुछ स्वार्थी तत्व अपने स्वार्थ तलासते रहते है और कुछ अपनी आत्म संतुष्टि के लिये बात का बतंगड बनाते रहते है । विश्वसनीय माध्यमों को धार्मिक और समाज स्वीकार्य विषयों पर अनावश्यक बातो का सार्वजनिक प्रचार से बचना चाहिए । इस प्रकार की खबरें चर्चा में बने रहने के उद्देश्य की पूर्ति तो कर सकती है और कुछ व्यक्तियों की आत्मसंतुष्टि तथा राजनैतिक स्वार्थ सिद्ध करने में सहायक हो सकती है परंतु ऐसी खबरों से अशांति फैलने की संभावना रहती है कानून व्यवस्था के लिये चुनौती भी बन सकती है ।

संवेदनशील धार्मिक विषयों, मान्य परंपराओं, सामाजिक आस्था से जुड़े विषयों पर अनावश्यक बोलने लिखने से बचना चाहिये अनेक मान्यताएँ और परंपराएँ ऐसी है जिसे कानून की दृष्टि से उचित नहीं माना जाता परंतु उन्हें समाज स्वीकार करता है वे चलती रहती है उन्हें कानून के माध्यम से भी नहीं रोका जाता । जहाँ आस्था और धर्म से जुड़े विषय होते है वहाँ कानून भी शिथिल हो जाता है और इस प्रकार की आस्थाओं से आमजनों को असुविधा और उनके कष्टों को कम करने के लिये, कोई अनहोनी न हो इसके लिये प्रशासन पूरी तरह प्रयास करता है परंतु आस्था का पूरा स मान हमारे यहाँ की मान्य विधि है । इस मान्य विधि का विरोध करने का किसी को कोई अधिकार भी नहीं है, यह केवल सनातन धर्म के लिये ही नहीं सभी धार्मिक मान्यताओं के लिये है और धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुँचाने वाले व्यक्तियों, संस्थानों पर विधि के अनुसार कार्यवाही भी करने का प्रावधान है । हालांकि सिवनी जिले में सनातन धर्म के संतो के विरोध में जिस तरह से बयानबाजी की गयी यही अन्य किसी पूजा पद्धति से संबंधित विषय पर होती तो मामला बुरी तरह बिगड़ सकता था । आस्था विरोधी बातों से सनातन मान्यताओं के समर्थको को भी गुस्सा आता है परंतु यहाँ समझाने वाले भी पर्याप्त होते है जिससे स्थितियाँ नियंत्रित रहती है परंतु आक्रोश नियंत्रित रखने की कोई जि मेदारी भी नहीं ले सकता और हर समय समझदार लोगो की उपस्थिती भी संभव नहीं होती । धार्मिक विषयों एवं आस्थाओं से जुडे विषयो पर बोलने के लिये अधिकार संपन्न धर्माचार्य होते है वह उनका अधिकार क्षेत्र है । किसी के क्षेत्र में अतिक्रमण करना भी ठीक नहीं है ।

## हमारा लक्ष्य भारत माता को परम वैभव पर पहुँचाना है - सिन्हा






सिवनी यशोः- विचार, मूल्य, लोकतंत्र व विकास ये हमारी पार्टी के चार स्तंभ है आपको आगामी चुनाव में दो विचारधाराओं मे से एक का चुनाव करना है। एक 1925 से शुरु हुई राष्ट्रवादी विचारधारा दूसरा अंग्रेजो के विचारो को लेकर चलने वाली सामंतवादी विचारधारा। हमारे लिए राम भगवान है उनके लिए राम काल्पनिक हैं। हम सर्व धर्म के लिए कार्य करने वाले लोग है और वे धर्म विशेष के लिए कार्य करने वाले लोग हैं। हम सनातन धर्म के स मान के लिए लड़ रहे हैं। वह सत्ता के लिए लड़ रहे हैं । हमारा लक्ष्य भारत माता को परम वैभव पर पहुंचना है उनका लक्ष्य परिवार विशेष को सत्ता दिलाना है।

उक्त आशय की बात आज भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन स मेलन में अपनी बात रखते हुए प्रखर वक्ता एवं राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा द्वारा कही गई। श्री सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में लोक शाही का चलन है और विपक्ष में सामंतशाही, राजशाही का चलन है। हमारे यहाँ सभी कार्यकर्ता हैं। वहां परिवार विशेष राजा हैं बाकी सब गुलाम हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि, हम इस धरती को मां मानकर काम करने वाले लोग हैं और विपक्ष विदेश में बैठे अपने आकाओं के ईशारों पर काम करने वाले लोग हैं। 2014 में मोदी जी की सरकार बनने के साथ ही भारत की दिग्विजय यात्रा प्रारंभ हुई है। आज संपूर्ण विश्व भारत के पीछे चलने को तैयार है मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत संपूर्ण विश्व को राह दिखा रहा है।

श्री सिन्हा ने कहा कि, आज जो प्रबुद्ध लोग यह बैठे हैं उन्होंने समाज के अच्छे बुरे की हमेशा चिंता की है। प्रबुद्ध जनों ने समाज से कभी कुछ मांगा नहीं है हमेशा समाज को कुछ देकर नई राह दिखाई है। आपने आजादी से लेकर वर्तमान समय तक की सरकारों को देखा है। आपने भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कार्यों को समाज में देखा भी है और महसूस भी किया है। प्रबुद्ध जनों के मार्गदर्शन के बगैर भाजपा सरकारे अधूरी हैं। हम आज आपके द्वार पर भाजपा सरकारो के द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कराने आए हैं।आगामी समय की नई प्रदेश सरकार में आपके सुझाव को प्राथमिकता पर रखा जाएगा।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि इस प्रबुद्ध जन्म स मेलन की अध्यक्षता करते हुए सांसद ढालसिंह बिसेन ने कहा कि, भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश के कल की चिंता करते हुए वर्तमान में काम किया है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय हमने गांव गांव सड़क बनाई। अब हम प्रत्येक घर तक सड़क बिजली पानी शौचालय पक्का घर सहित सभी सरकारी लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

इस स मेलन में अपनी बात रखते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती कृष्णा श्याम कुमरे द्वारा कहा गया कि, भाजपा की सरकारों ने महिला सशक्तिकरण कहकर नही करकर दिखाया है हमने बच्चियों के जन्म से लेकर पढ़ाई लिखाई दवाई भोजन और शादी तक का काम किया और अब हम उनके खाते में पैसे डाल कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि, इस कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी डॉ टर अभिजीत सिंह चौहान द्वारा किया गया जबकि व्यवस्थाएं कार्यक्रम के संयोजक श्याम कुमरे द्वारा संभाली गई। इस स मेलन में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व विधायक श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की पहली सूची पितृपक्ष के बाद आने की संभावना

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिय अपनी लिस्टों के माध्यम 79 उ मीदवारों की घोषणा कर दी है । इसमें तीन केन्द्रीय मंत्री भी शामिल है। आमजनता के बीच कांग्रेस की जारी होने वाली उ मीदवारों की सूची का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है । जानकारी कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिये सौ से अधिक नामों की सूची फायनल कर ली है यह सूची बहुत जल्द आ जायेगी ऐसा नहीं है भले ही सूची पूरी तरह फायनल हो गयी हो परंतु यह सूची पितृपक्ष के बाद ही जारी होने की संभावना है ।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के निवास पर संपन्न हुई जिसमें 140 उ मीदवारों के नाम पर विचार हुआ परंतु इसमें से कुछ नामों को बाहर कर दिया गया इसके बाद भी 100 से अधिक नाम पर अंतिम मुहर लगने की जानकारी है ।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने पहले ही यह बात स्पष्ट कर दी है कि किसी भी व्यक्ति को सिफारिश के आधार पर टिकिट नहीं दिया जायेगा । केवल जीतने वाले उ मीदवार को ही कांग्रेस अपना प्रत्याशी बनायेगी ।

आ रही खबरों के अनुसार केन्द्रीय चुनाव समिति ने प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये जो सौ से अधिक नामों पर सहमति दी है उनमें अधिकांश वर्तमान विधानसभा में विधायक है । कांग्रेस की छिंदवाड़ा सीट से कमलनाथ ही चुनाव लड़ेंगे इसकी पूरी सभावना है ।

## अनियंत्रित होकर थाने के गेट में घुसा ट्रक :बाउंड्री वॉल और गेट हुआ ध्वस्त

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के छपारा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 में दो ट्रक चालकों के बीच अज्ञात कारणों के चलते विवाद हो रहा था। वहीं एक ट्रक चालक ने 100 डायल पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ एक ट्रक चालक विवाद कर रहा है। उसके पास हथियार भी हो सकते हैं। उसे ट्रक चालक से उसकी जान को खतरा है।

घटना की सूचना मिलते ही छपारा थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जहां से दोनों ट्रैकों को थाने लाया गया। एक ट्रक थाने के भीतर ले जाते समय अनियंत्रित होकर थाने के गेट में टकरा गया। थाने की बाउंड्री वालों और मु य द्वार का गेट ट्रक की टक्कर से ध्वस्त हो गया।

गनीमत रही कि वहां उस समय लोग मौजूद नहीं थे। नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। फिलहाल पुलिस इस घटना की जांच और कार्रवाई में जुटी है। बड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को हटाया गया है।

## शासकीय अस्पताल में 45 से अधिक स्वास्थ जांच हो रही है मु त

### जानकारी के अभाव में लोग लगा रहे, प्राइवेट लैब का चक्कर




छपारा यशोः- महानगरों की तर्ज में नगर के प्राइवेट से लेकर एमबीबीएस डॉ टर तक खून और पेशाब की जांच के लिए टेस्ट लिख रहे हैं, यह आज कल आवश्यक न होते हुये भी पीडितो से धन लूटने का माध्यम बन गया है ।

खून की जांच के लिए नियमबद्ध तरीके से अधिकृत डॉ टर भी वैसे होने चाहिए ना की कोई भी प्राइवेट ` लीनिक के डॉ टर इस तरह की जांच करवाने के विशेषज्ञ है कि नहीं यह भी लोगों को देखना चाहिए।

किंतु इस तरह के टेस्ट प्राइवेट ि लनिको में किए जाते हैं जिन पर डॉ टरों की साथ गांठ और कमीशन खोरी के आरोप लगते रहते हैं. बताया जाता है कि मरीज को टेस्ट करवाने में पांच सौ से एक हजार तक का विभिन्न प्रकार के टेस्ट करने में खर्च आ जाता है।

वही इस विषय में जब शासकीय अस्पताल के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर टी.एस.इनवाती से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में 45 प्रकार की विभिन्न टेस्ट मु त में किया जा रहे हैं जिसमें शुगर,थायराइड,मलेरिया,टाइफाइड, एचआईवी, एचवीएफसी टेस्ट हैं जो 45 प्रकार की जांच जिनके भीतर सैकड़ो इन 45 प्रकार की जांचों के भीतर हो जाती हैं जानकारी के मुताबिक 11 जांच कार्ड के द्वारा की जाती हैं 34 टेस्ट बायोकेमेस्ट्री के तहत जांच की जा रही, इन 45 टेस्टों के भीतर 206 जांच इन टेस्ट रिपोर्ट में की जाती हैं और प्राइवेट लैब से बेहतर सुविधा और विश्वशनीयता के साथ रिपोर्ट आती हैं जोकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छ्पारा में ही उपलब्ध है।

इसी वजह से जनहित में नगर के जागरूक नागरिकों से लेकर गणमान्य नागरिकों ने आमजन से अपील की है कि प्राइवेट पैथोलॉजी लैब का चक्कर काटना छोड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के साथ टेस्ट भी किया जा रहे हैं.सरकार की ओर से यह सुविधा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ा दी गई है किंतु लोगों को जानकारी के अभाव के चलते लोग प्राइवेट पैथोलॉजी लैब में अनावश्यक लूट रहे हैं, इतना ही नहीं जिन झोलाछाप डॉ टरों को विभिन्न प्रकार का टेस्ट लिखने का अधिकार ही नहीं है वह भी टेस्ट लिख रहे हैं और प्राइवेट लैब संचालकों के साथ इनकी साठगांठ के चलते प्राइवेट पैथोलॉजी लैब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है डॉ टर और प्राइवेट पैथोलॉजी संचालक जमकर चांदी कूट रहे हैं जागरूकता के अभाव में लोगों को प्राइवेट स्थान पर पहुंचकर टेस्ट करना पड़ रहा है यदि लोगों को यह मालूम चल जाए कि सरकारी अस्पताल में यही टेस्ट मु त में हो रहे हैं तो जनता लूटने से बच जाएगी।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे किया गया चयनित युवाओं का स मान

### अग्निवीर योजना के चयनितों को स्वयं की ओर से दी प्रोत्साहन राशि



सिवनी यशोः-रविवार 08 अ टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे चयनित युवाओं का स मान किया गया। सिवनी नगर के फुटबाल स्टेडियम मैदान पर प्रातः 07:30 बजे से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा चलायी जा रही अग्निवीर योजना मे चयनित हुए युवाओं का स मान समारोह कार्यक्रम विधायक श्री राय के मु य आतिथ्य मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी के द्वारा खड़े होकर सास मान राष्ट्रगान से किया गया। इसके उपरांत विधायक श्री राय के करकमलों से अग्निवीर योजना मे चयनित हुए सिवनी विधानसभा क्षेत्र के 17 युवाओं व उनको प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक दिनेश विश्वकर्मा का पुष्प माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर मां भारती के जयकारों के साथ स मानित किया गया। इसके अलावा आपके द्वारा स्वयं की ओर से प्रत्येक चयनित युवाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। इस दौरान विधायक श्री राय ने अपने संबोधन मे कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र के 17 युवाओं का चयन देश की सेवा के लिए हुआ है आज का दिन हमें गौरवान्वित करने वाला है आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं, श्री राय ने कहा कि भारत माता की सेवा करने का अवसर सभी को नही मिलता। और यह आपको मिला है यह सौभाग्य की बात है। आप सभी प्रति दिन कठिन परिश्रम कर चयनित हुए इससे और भी युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मै आपके प्रशिक्षक को भी शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने आपको प्रशिक्षण दिया। ऐसे प्रशिक्षक सभी को मिलें। इस अवसर पर सर्वश्री नरेंद्र गुड्डु ठाकुर पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष, पप्पू सच्चानी, एसके नेमा जी, श्रीमती निशा ठाकुर, श्रीमती नीता बच्छानी, रिया बच्छानी, विनय मुन्ना जैन जी, मुकेश आहुजा, बसंत चौधरी सहित नागरिक गण, प्रशिक्षणार्थियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## जबरन नॉलेज




## केवलारी सिविल हास्पिटल का लोकार्पण

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के केवलारी नगर में स्थित सिविल हॉस्पिटल में नवनिर्मित 50 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल भवन, बैनगंगा नदी एवं धानागाड़ा के पास सागर नदी, बिछुआ रैयत गांव के पास पर नवनिर्मित पुलों का शुक्रवार को मध्य प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आम जनता को संबोधित करते हुए लोकार्पण किया। चुनावी आचार संहिता कभी भी लग सकती है। इसी के चलते मु यमंत्री ने पूरे प्रदेश के अन्य निर्माण कार्यों के साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनिर्मित सिविल अस्पताल के 50 बिस्तर वाले नए भवन का भी लोकार्पण किया। इसमें सिविल अस्पताल केवलारी के सुधीर पांडे, सचिन अवधिया, रमाशंकर महोबिया, रफीक खान, सुजान बघेल, रवि बघेल, सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ टर ए लाकरा और डॉ टर जी लाकरा अस्पताल के बीईई इंदिरा अड़कने, डॉ टर उइके, ब्रजराज दुबे, प्रकाश भलावी, भगत सिंह उइके, अमित तिवारी, शिवराज राहंगडाले सहित केवलारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नगर में युवाओं ने निकाली विशाल भगवा यात्रा नशामुक्ति का लिया संकल्प

छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के तहत विदिशा जिले की गंजबासौदा तहसील के युवाओं ने भव्य भगवा रैली निकाली. इसमें नगर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की. यह यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर बरेठ रोड होते हुए एसजीएस कॉलेज परिसर में पहुंची जहाँ युवाओं ने राष्ट्र गीतों पर जोश के साथ साथ नाच गा कर हर्षोल्लास के साथ यात्रा का समापन किया.

नगर में व्याप्त कुरीतियों, नशे की लत में लिप्त होते युवाओं को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से जोड़ने के उद्देश्य से यह यात्रा निकली गयी थी. इसके समापन के अवसर पर युवाओं ने नगर में युवाओं को नशे की लत से दूर करने का संकल्प लिया.

# 'भारत' ही लिखें और बोलें

**भारत को भारत कहें**

भारत नाम का विरोध करने वाले लोग मानसिक रूप से औपनिवेशिक गुलामी का शिकार है। लगता है भारत के 'स्व' और उसकी सांस्कृतिक परंपरा को लेकर उसके मन में गौरव की कोई अनुभूति नहीं है। वास्तव में यह समूह 'भारत विरोधी' है। भारतीयता का प्रश्न जब भी आता है, तब यह समूह उसके विरुद्ध ही खड़ा मिलता है। तत्कालीन कांग्रेस नेता अपने देश का नाम 'भारत' ही रखना चाहते थे लेकिन अंग्रेजी मानसिकता के दास लोगों के सामने उनकी चली नहीं। आखिरकार 'भारत' के साथ 'इंडिया' नाम भी चिपक गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ एवं स मानित नेता सेठ गोविंद दास ने कहा था कि वेदों, महाभारत, पुराणों और चीनी यात्री ह्वेन-सांग के लेखों में 'भारत' देश का मूल नाम था। इसलिए स्वतंत्रता के बाद संविधान में 'इंडिया' को प्राथमिक नाम के रूप में नहीं रखा जाना चाहिए। वास्तव में भारत हमारी संस्कृति एवं परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन इंडिया शब्द के साथ ऐसी कोई गौरव की अनुभूति करानेवाली बात नहीं जुड़ी है। भारत कहने पर, हमें समृद्धशाली परंपरा का स्मरण होता है। स्वाभाविक ही हम लोग अपनी परंपरा से जुड़ जाते हैं। जब भी किसी ने अपने देश को भावनात्मक आधार पर स्मरण किया है, उसने उसके लिए भारत शब्द ही उपयोग किया है।

राष्ट्रगान में 'इंडिया भाग्य विधाता' नहीं आता, अपितु 'भारत भाग्य विधाता' गाया जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी 'भारतमाता कौन है' व्या यायित किया, इंडिया माता नहीं? स्वतंत्रता के आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिकारियों ने भी 'भारत माता की जय' का नारा बुलंद किया। संविधान सभा में जब भारत के नाम को लेकर आए प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी तब प्रसिद्ध गांधीवादी नेता एवं कांग्रेस सरकार के मंत्री महावीर त्यागी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की दलीलों पर व्यंग्य करते हुए कहा कि ÷यह (नेहरूजी) हैरो (विलायत) में पढ़े हैं और मैंने केवल एक छोटी-सी पाठशाला में अंग्रेजी पढ़ी है। पर मेरे गुरु नंदराम जी ने छठी` लास में मुझे बताया था कि व्याकरण के अनुसार 'प्रोपर नाउन' (व्यक्तिवाचक संज्ञा) का अनुवाद नहीं होता है, पर जब हैरो की ग्रामर के विद्यार्थी कहते हैं कि नामों का अनुवाद भी हो सकता है, तो मैं अपना संशोधन वापस लेता हूँ। पर मेरे प्रतिष्ठित मित्र को सचेत रहना चाहिए कि कल के अंग्रेजी समाचारपत्रों में यह छप सकता है कि ऑनरेबिल प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया, मिस्टर 'जैमरैड कैनालू' के कहने पर त्यागी ने अपना संशोधन वापस लिया÷।


नेहरूजी ने जब पूछा कि` या कहा तुमने? तब वाकपटुता के लिए प्रसिद्ध महावीर त्यागी ने कहा- जैम का अर्थ है जवाहर, रैड का लाल और कैनालू का अर्थ है नेहरू। दरअसल, महावीर त्यागी ने 'इंडिया दैट इज भारत' प्रस्ताव में एक ऐसी गलती की ओर ध्यान आकर्षित किया था, यदि उसे नहीं सुधारा जाता तो आज संविधान की दुहाई देनेवाले लोग कहते कि अपने देश का नाम न तो इंडिया है और न ही भारत, संविधान के अनुच्छेद-1 के अनुसार हमारे देश का नाम 'इंडिया दैड इज भारत' है। महावीर त्यागी के आधा संशोधन मानकर 'इंडिया दैट इज भारत' से उद्धरण चिह्न हटा लिए और इंडिया शब्द के बाद कौमा लगा दिया।

बहरहाल, विश्व में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता, जिसका उसकी अपनी भाषा में नाम अलग हो और अंग्रेजी में अलग। सबका एक ही नाम चलता है। दुनियाभर में अनेक उदाहरण हैं, जब देशों ने बाह्य पहचान को हटाकर अपने 'स्व' का धारण किया और अपना वास्तविक नाम स्वीकार किया है। इनमें हमारे ही पड़ोसी देश यांमार और श्रीलंका उदाहरण हैं। भारत में अभी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया कि उसका नाम अब केवल 'भारत' लिखा जाएगा। लेकिन कांग्रेस सहित उसके समर्थित समूह में हलचल मच गई है। अभी कोई नहीं जानता कि संसद के विशेष सत्र में ऐसा कोई प्रस्ताव आएगा या नहीं। यदि आए तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए और इस दिशा में कोई प्रस्ताव नहीं भी आता तब एक संकल्प सबको लेना चाहिए कि जहाँ तक संभव होगा, हम अपने देश का नाम भारत ही लिखें और बोलें।

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने एक कार्यक्रम के दौरान उचित ही कहा कि ÷हमारे देश का नाम सदियों से भारत ही है। भाषा कोई भी हो, नाम एक ही रहता है। हमारा देश भारत है और हमें सभी व्यवहारिक क्षेत्रों में इंडिया शब्द का इस्तेमाल बंद करके भारत शब्द का इस्तेमाल शुरू करना होगा, तभी बदलाव आएगा। हमें अपने देश को भारत कहना होगा और दूसरों को भी यही समझाना होगा÷। प्रकांड विद्वान स्वर्गीय राजीव दीक्षित से लेकर सद्गुरु जग्गी वासुदेव तक अनेक महानुभाव यह आग्रह कर चुके हैं कि हमारे देश का नाम भारत होना चाहिए। कांग्रेस में भी जो राष्ट्रभक्त नेता हैं, उनका आग्रह भी भारत नाम के लिए रहा है। अभी हाल के वर्षों में यानी 2012 में ही कांग्रेस के सांसद रहे शांताराम नाइक ने राज्यसभा में विधेयक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने प्रस्ताव रखा कि संविधान के अनुच्छेद-1 में और संविधान में जहाँ-जहाँ इंडिया शब्द आया का उपयोग हुआ हो, उसे बदलकर भारत कर दिया जाए।

कांग्रेस के सांसद नाइक ने यह भी कहा कि इंडिया शब्द से एक सामंतशाही शासन का बोध होता है, जबकि भारत से ऐसा नहीं है। परंतु आज एक ऐसे नेता के प्रति स्वामी भक्ति प्रकट करने के चक्कर में कांग्रेसी 'भारत' का विरोध कर रहे हैं, जो भारत को एक राष्ट्र ही नहीं मानता है। वह चुनौती भी देते हैं कि संविधान में कहीं भी भारत को राष्ट्र नहीं लिखा है, जबकि संविधान की प्रस्तावना में ही भारत को एक संप्रभु राष्ट्र कहा गया है। बहरहाल, देश के नाम शुद्धि के लिए संविधान संशोधन हो या नहीं, हमें संकल्प करना चाहिए कि हम अपने लिखने, पढ़ने और बोलने में 'भारत' ही उपयोग करेंगे। यदि ऐसा किया, तब किसी प्रकार के संशोधन की अपेक्षा भी नहीं रह जाएगी। वैसे भी अभी सामान्यतौर पर हम अपने देश के लिए 'भारत' नाम का ही उपयोग करते हैं।

## भारत ने अपनी समृद्धि का उपयोग विश्व कल्याण के लिए किया है - सुनील आंबेकर




नई दिल्ली. कॉस्टीट्यूशन ` लब में रश्मि सामंत द्वारा लिखित पुस्तक A Hindu In O&ford का विमोचन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने किया.

सुनील आंबेकर ने कहा कि A Hindu In O&ford में रश्मि सामंत ने अपने संघर्ष की कहानी लिखी है. ये पुस्तक संघर्ष करने वाले युवाओं को प्रेरणा देने का काम करेगी. पहले भी युवा ऑ सफोर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए गए हैं और स्वाधीनता के लिए उन्होंने भारत का झंडा उठाया है. जब कभी भारत पर संकट आया तो वहां गए भारतीयों ने ब्रिटेन की धरती से ही भारत माता की जय बोली है. उन्होंने कहा कि हमें भारत, राष्ट्र और संस्कृति पर हमेशा गर्व करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र की धारणा विश्व कल्याण की रही है. भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जिसने अपनी समृद्धि का उपयोग विश्व कल्याण के लिए किया है. अनेक आक्रमणों के बाद भी भारत अपनी संस्कृति को संरक्षित करते हुए आगे बढ़ता रहा है. जो स्वतंत्रता के विरोधी हैं, जो सह अस्तित्व के विरोधी है वो एकतरफा विश्व को देखते हैं, आज ऐसी संस्कृति और विचार की आवश्यकता है जो सह-अस्तित्व में विश्वास करता हो. ये काम भारत कर रहा है. उन्होंने कहा कि कोलोनाइज़ माइंड के लोगों और विदेशी दासता प्रभावित लोगों से अब मुक्त होने की आवश्यकता है.

उन्होंने प्रश्न किया कि जब मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई किया जाता है तो ये सेकुलर है? बंबई का नाम बदलकर मुंबई किया जाता है तो ये सेकुलर है, लेकिन जब इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया तो ये क युनल हो गया?

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने A Hindu In O&ford पुस्तक के बारे में कहा कि रश्मि सामंत ने अपने संघर्ष को अपनी इस पुस्तक में लिखा है. आज भारत की खूबियों को दुनिया स्वीकार कर रही है.

इससे पहले A Hindu In O&ford पुस्तक की लेखिका रश्मि सामंत ने ऑ सफोर्ड में आई कठिनाइयों और संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया. पुस्तक को गरुड़ प्रकाशन ने प्रकाशित किया है. रश्मि सामंत ब्रिटेन में ओ सफोर्ड विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष चुनी गई थीं. उनकी कहानी अद य साहस, विऔपनिवेशीकरण, नस्लभेद और भेदभाव पर विजय का एक अनोखा उदाहरण है.

## सौ करोड़ की लागत से बनेगा श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर

*** मंत्री सारंग ने किया "श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर" का शिलान्यास**

*** 21 एकड़ में मंदिर समेत कॉरिडोर डेवलप किया जाएगा**

*** कॉरिडोर में किया जायेगा हनुमान चालीसा की चौपाइयों का चित्रण**

*** काली परेड से अयोध्या बायपास तक बनेगा छोला लाईओवर**

भोपाल । चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को छोला श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में ÷श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर÷ का शिलान्यास किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि महाकाल कॉरिडोर की तरह नरेला विधानसभा के छोला क्षेत्र में ÷श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर÷ बनाया जा रहा है। करीब 100 करोड़ की लागत से पूरे क्षेत्र का विकास किया जायेगा7 पहले चरण में 20 करोड़ की लागत से श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर बनाया जाएगा। 21 एकड़ में मंदिर समेत कॉरिडोर विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह राजधानी का सबसे प्राचीनतम मंदिर है। इसका जीर्णोद्धार नए सिरे से किया जाएगा। खेड़ापति मंदिर को राजधानी का सबसे भव्य मंदिर के रूप में विस्तार किया जाएगा। मंदिर परिसर के समीप मार्केट भी सुव्यवस्थित किया जाएगा। श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर के शिलान्यास के अवसर पर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के महंत श्री जगदीश दास जी, गुफा मंदिर महंत श्री राम प्रवेश दास जी महाराज, वृंदावन से आचार्य देवमुरारी बापू, वाटिका धाम महंत श्री हरिराम दास सहित बड़ी सं या में श्रद्धालु स मिलित हुए।

**महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर बनेगा श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मंदिर को महाकाल लोक की तर्ज पर बनाया जाएगा। मंदिर भी भव्य बनेगा। उसके कॉरिडोर को सुदंर और आकर्षक बनाया जाएगा।

**श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर और छोला दशहारा मैदान होंगे एक**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वर्तमान में छोला दशहरा मैदान व मंदिर परिसर के बीच सड़क गुजरती है। नए डिजाइन में मंदिर और मैदान एक हो जायेंगे। मंदिर के सामने की सड़क को दशहरा मैदान के पीछे से घूमाकर डायवर्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दशहरा मैदान को पवेलियन के रूप में डेवलप किया जाएगा। नीचे मार्केट होगा। ऊपर लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। छोला दशहरा मैदान में बड़े आयोजनों में आने वाले लोगों को सड़क पर न खड़ा होना पड़े। इसके लिए बैठक व्यवस्था बनाई जाएगी। सड़क को दशहरा मैदान के पीछे की तरफ से घूमाकर निकाला जाएगा। इससे आने जाने वाले वाहनों को न तो जाम लगेगा और न ही आने जाने में दिक्कत होगी।

**काली परेड से अयोध्या बायपास तक बनेगा छोला लाईओवर**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर के प्रांगण के ऊपर से आर्च नुमा लाईओवर भी ख़ास होगा। लगभग 4.80 किमी लंबा यह लाईओवर यूनियन कार्बाइड के पास काली परेड से अयोध्या बायपास तक 3646.27 लाख की लागत से बनाया जायेगा। इस ब्रिज के बन जाने से क्षेत्र में यातायात का घनत्व कम होगा।

**कॉरिडोर में किया जायेगा हनुमान चालीसा की चौपाइयों का चित्रण**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि कॉरिडोर में हनुमान चालीसा की चौपाइयों एवं हनुमान जी से जुड़े प्रसंगों का चित्रण किया जायेगा। इनमें लंका दहन, संजीवनी बूटी सहित विभिन्न प्रसंगों को प्रदर्शित किया जायेगा।

**कॉरिडोर से बढ़ेंगे पर्यटन और रोजगार के अवसर**

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि कॉरिडोर के निर्माण से यहां पर पर्यटक आएंगे। ये एक टूरिस्ट स्पॉट के रूप में डेवलप होगा। यहां पर बाहर से आने वाले लोगों को यहां पर आने के लिए निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। बस से आने पर डीआईजी बंगला के पास तैयार हो रहे बस स्टैंड पर उतरकर ई-रिं शा के माध्यम से मंदिर तक पहुंच पाएंगे।

मंत्री श्री सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने वार्ड 70 में समस्त सड़कों के डामरीकरण कार्य, वार्ड 59 पुराना नगर तमिल समाज मंदिर के समक्ष सड़क निर्माण कार्य, प्रेमनगर में जल वितरण नलिकाओं के नवीनीकरण, सुंदर नगर में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

## मु यमंत्री चौहान ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा एशियाई गे स 2023 में 100 पदक जीतने पर दी बधाई

भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एशियाई गे स 2023 में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा 100 पदक जीतने पर खिलाड़ियों और देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह ऐतिहासिक और गौरवमयी क्षण है, भारतीय खिलाड़ियों ने हांगझोऊ चायना में खेले जा रहे एशियाई गे स में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए ÷इस बार 100 पार÷ की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतवासियों का यह सपना भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और जुनून से साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का यह कीर्तिमान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। चीन में चल रहे एशियाई गे स 2023 में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए कीर्तिमान में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि 19वें एशियन गे स, जो कि हांगझोऊ चायना में 23 सितंबर, 2023 से 8 अे टूबर, 2023 तक होगा, में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के खिलाड़ी श्री ऐश्वर्य प्रतापसिंह तोमर ने रायफल विधा में 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक इस प्रकार कुल 4 पद अर्जित किए। खिलाड़ी श्री ऐश्वर्य ने 10 मीटर एयर रायफल में वर्ल्ड रिकार्ड भी बनाया। सुश्री आशी चौकसे ने रायफल विधा में 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक इस प्रकार कुल 3 पदक अर्जित किए।

## पांढुर्णा को जिला बनाना मेरी दिली इच्छा थी - मु यमंत्री चौहान

**भगवान बिरसा मुंडा, संत जगनाडे जी महाराज की प्रतिमा लगेगी**

**नवगठित जिला पांढुर्णा को दी अनेक सौगात**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नवगठित जिला पांढुर्णा को आज कई सौगात दीं, जिनमें भगवान बिरसा मुंडा और संत जगनाडे महाराज की भव्य प्रतिमा की स्थापना करने, खैरीपैका से कुकड़ी खापा तक मार्ग बनाने, कामठी जलाशय का निर्माण एवं इससे पेयजल योजना स्वीकृत करने और सिविल कोर्ट लाइब्रेरी के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा शामिल है। उन्होंने पांढुर्ना में कले ट्रेट कार्यालय का शुभारंभ किया और कहा कि कले ट्रेट का शानदार और आधुनिक सर्वसुविधायुक्त भवन बनवाया जाएगा। नवगठित जिला में कले टर और एसपी की पदस्थापना कर दी गई है।

मु यमंत्री चौहान पांढुर्णा में विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पांढुर्णा में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की तरह संत जगनाडे जी महाराज और भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी। मु यमंत्री ने कहा कि पांढुर्णा को जिला बनाना मेरी भी दिली इच्छा थी। मैंने जनता की माँग को ध्यान में रखते हुए पांढुर्णा को जिला बनाने का वायदा पूरा किया है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। राज्य सरकार के पास विकास कार्य, जनता की भलाई और कल्याण के लिए धन की कमी नहीं है। मु यमंत्री ने कहा कि कले ट्रेट भवन के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने कहा कि पांढुर्णा के लिए पेयजल योजना का क्रियान्वयन शीघ्र पूरा होगा।

## 365 दिन वन्य प्राणियों की सेवा का संकल्प लें - राज्यपाल पटेल

**मानव प्रजाति प्रकृति की रचनाओं में सबसे सामर्थ्यवान राज्य-स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ**

**विभिन्न प्रतियोगिताओं के 98 विजेता पुरस्कृत**



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रकृति की रचनाओं में मानव प्रजाति सबसे अधिक सामर्थ्यवान है। उसके पास बुद्धि और वाणी की अदभुत शक्तियाँ है। मानव का कर्तव्य है कि वह वन और वन्य-प्राणी की सेवा का उत्तरदायित्व ग्रहण करे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वन और वन्यप्राणियों की 365 दिन सुरक्षा, संरक्षण और सेवा का संकल्प लें। राज्यपाल ने पुरस्कार विजेताओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपेक्षा की कि वह उत्साह और दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ कर वन और वन्य-प्राणी संरक्षण प्रयासों का नेतृत्व करें।

राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्य-प्राणी सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न प्रतियोगिताओं के 98 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कॉफी टेबल बुक, बटर लाई, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान बटर लाई सर्वे रिपोर्ट और वन विभाग की गतिविधियों की त्रैमासिक पत्रिका वनांचल का लोकार्पण किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वन और वन्य प्राणियों के साथ उनका जुड़ाव बहुत पुराना है। उन्हें गुजरात में वन मंत्री के रूप में लंबे समय तक कार्य का अनुभव है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मानव प्रजाति का हिस्सा बहुत छोटा है, हमारे चारों ओर जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की असं य प्रजातियाँ हैं। विभिन्न प्रजातियों और मानव जाति के बीच नाजुक संतुलन से ही इकोलॉजी तंत्र बनता है, जिसमें जैव-विविधता महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। हमारे ऋषि-मुनियों ने अपने तप, त्याग और साधना से हजारों साल पहले ही इकोलॉजी तंत्र के संरक्षण के लिए प्राणियों में सद्भावना का संदेश दिया था। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में वन और वन्य-जीवों का विशिष्ट स्थान रहा है। हमारे देवी-देवताओं के वाहन भी वन्य जीव हैं। समाज में पेड़-पौधों की आराधना होती है। उन्होंने वन की प्रदक्षिणा, नवग्रहों, 12 राशियों और 27 नक्षत्रों में प्रत्येक के लिए पौधों की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में बताया।

राज्यपाल श्री पटेल ने वन की पर्यावरणीय उपयोगिता के साथ ही स्वास्थ्य पर वन के प्रभावों का उल्लेख करते हुए बताया कि वन अच्छादित गुजरात के डांग जिले के जनजातीय समुदाय में अनुवांशिक रक्त विकार सिकलसेल का प्रभाव नहीं है, जबकि दुनियाभर का जनजातीय समुदाय सिकल सेल से कम-ज्यादा प्रभावित है। डांग के जनजाति समुदाय में रोग का प्रभाव नहीं होना, उनके स्वास्थ्य पर वन के लाभकारी होने का भी संकेत माना जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी से प्रतिरक्षा में महत्वपूर्ण गिलोय भी वन की देन है। वन्य-प्राणी संरक्षण सप्ताह के आयोजन को वन्य प्राणियों के संबंध में नई पीढ़ी के ज्ञान, वन संरक्षण में जन-भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने की पहल बताते हुए वन विभाग को साधुवाद और बधाई का पात्र बताया है।

प्रधान मु य वन संरक्षक वन्य-प्राणी श्री असीम श्रीवास्तव ने वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान संचालित गतिविधियों के संबंध में बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के 5 वर्ग में 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी तरह रंगोली के 2 वर्ग में 88, फोटोग्राफी के 2 वर्ग में 35, विद्यालय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में 24, महाविद्यालय में 18, मेंहदी में 159 और फेस पेंटिग में 21, पॉम पेंटिग में 95 एवं कक्षा तीन तक के बच्चों की फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वन्य-प्राणी संरक्षण सप्ताह दौड़ में 470 और पक्षी अवलोकन शिविर में 240 प्रतिभागी स मिलित हुए। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान सुश्री पद्मप्रिय बालाकृष्णनन् ने आभार माना।

कार्यक्रम में अपर मु य सचिव जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मु य वन संरक्षक श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम डॉ. अभय कुमार पटेल सहित बड़ी सं या में महिलाएँ, बच्चे और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रदेश के 5 जिलों में गौ-वंश वन्य विहार के रूप में "गौ-संरक्षण केंद्र" विकसित हो रहे हैं - स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि

भोपाल । म.प्र. गौ-पालन एवं पशुधन संवर्द्धन बोर्ड (गौ-संवर्द्धन बोर्ड) की कार्य परिषद् के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने बताया है कि प्रदेश शासन की किसानों की फसल सुरक्षा एवं गौ-वंश संरक्षण नीति अन्तर्गत प्रदेश के मंदसौर, जबलपुर, रायसेन, टीकमगढ़ और खरगौन सहित 5 जिलों में गौ-मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। इन सभी 5 जिलों में वन क्षेत्र के समीप राजस्व भूमि चिन्हित कर उनमें गौ-वंश वन्य विहार विकसित करने एवं निराश्रित गौ-वंश की आवासीय व्यवस्था के लिये ÷काऊ शेड÷ निर्माण का शुभार भ किया गया है।

रीवा जिले के पुर्वा सेमरिया के बसावन, मामा नामक स?थान पर 51 एकड़ भूमि का चयन और उसे गौ-संरक्षण केंद्र के लिये आवंटित कर जहाँ 2017 में अधो-संरचनाओं का कार्य आर भ किया गया था, जो लगभग पूर्ण हो गया है। जिसका ÷गौ-वंश वन्य विहार÷ के रूप में भव्य लोकार्पण अे टूबर में हो गया है। इस गौवंश वन्य विहार में 6 हजार गौ-वंश को आश्रय दिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में ÷जिला गौ-पालन एवं पशुधन संवर्द्धन÷ समितियों को जिले में गौ-वंश के समक्ष उपस्थित समस्या के समाधान हेतु गोठान निर्माण के लिये ÷गौ-संवर्द्धन बोर्ड÷ द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। ÷गौ-वंश वन्य विहार÷ में कार्य आरंभ करने वाले जिलों में प्रारंभिक अधो-संरचना के लिये आर्थिक सहायता ÷गौ-संवर्द्धन बोर्ड÷ ने अपनी ओर से भेज दी है। गौ-वंश वन्य विहारों में कार्य विस्तार की दृष्टि से ÷मनरेगा÷ से सहायता देने का अनुरोध किया गया है।


## ठाकुर रजनीश सिंह का केवलारी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क



छपारा यशोः रविवार 08 अे टूबर 2023 को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार उगली ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम भीमसेन टोला,रे चना,बनाथर,सनाथर, देवगाँव,बाग डोंगरी,का दौरा किया। क्षेत्रीय दौरा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण जनों के द्वारा पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह का गाँव गाँव में बजे गाजे एवं शोभा कलश रखकर भव्य स्वागत किया गया। ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने गाँव गाँव पहुँचकर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनो से मेल मुलाक़ात कर ग्रामीण जनों की समस्याओं को जाना एवं सभा के आयोजन में पहुँचकर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी की रीति नीति एवं विचारधारा से जन जन को अवगत कराया।इस अवसर पर सैंकड़ों युवा साथीयों ने कांग्रेस की रीती निति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया।बड़ी सं या में सभी साथियों के द्वारा कांग्रेस परिवार में स मिलित होने पर रजनीश हरवंश सिंह जी एवं ब्लॉक कांग्रेस जनों के द्वारा तिलक वंदन कर पार्टी का अंगवस्त्र भेंट कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

दौरा कार्यक्रम पर साथ ही उगली ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र राज पप्पू ठाकुर,जिला कॉंग्रेस महामंत्री आनंद भगत,वरिष्ठ जन शिव दयाल सोनी,पप्पू गौतम,पुरुषोत्तम सागर,करतार सिंह उइके,गजराज रहगंड़ाले, प्रहलाद सागर,गुलाब सिंह मर्सकोले,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष साकेत टेंभरे,एनएस यूआई जिला उपाध्यक्ष राहुल बनवाले, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अमित चौधरी, अल्पसं यक प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष शमीम अंसारी मंडलम अध्यक्ष मुनेश्वर देसमुख जी,विजय निर्मलकर ,प्रभारी टेक सिंह बिसेन,चन्द्रशेखर ठाकरे ,से टर अध्यक्ष शाह सिंह उइके ,रमेश देसमुख , अशोक सांडिल्य,प्रभारी कैलाश चांदेवर जी,चूरामन अग्निहोत्री ,कार्यकर्ता साथी जनपद सदस्य हरिप्रसाद चौधरी,भूपेन्द्र चन्देश्वर जी,मयंक तुरकर,समेत समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य गण एवं बूथ कमेटी के समस्त पदाधिकारी गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भूमि पूजन पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह



धनौरा यशोः- 08 अे टूबर रविवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल धनोरा में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने प्रवास किया इस दौरान श्री पाल ने धनोरा में लंबे समय से की जारी सड़क निर्माण की मांग को पूरा कर दिया और 08 किलोमीटर नवनिर्मित सड़क लोकार्पित कर जनता को समर्पित की । सर्वप्रथम लोकार्पण का कार्यक्रम भारत माता की छाया चित्र एंव विद्या की देवी माता सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन के साथ प्रारंभ किया गया इसके पश्चात श्री पाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में आसानी होगी नवनिर्मित इस सड़क की लंबाई 0.8 किलोमीटर हैं इसकी लागत 80 लाख रुपये हैं। इसके पश्चात धनोरा में विधायक निधि से निर्मित बालीबाल ग्राउंड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस खेल ग्राउंड की निर्माण लागत 2 लाख रुपये है। इस ग्राउंड के निर्माण के पश्चात बच्चों को खेल हेतु अच्छी सुविधा प्राप्त हो रहीं हैं। ग्राम धनोरा में मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक छात्रावास बालक आश्रम के नवीन भवन निर्माण एवं नव विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया । इस कार्य की निर्माण लागत 224.84 लाख रुपये हैं। इस कार्यक्रम में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष सुजीत मिश्रा,मुकेश बघेल,दुलीचंद जैन, सुरेंद्र जैन, रामराजन बघेल, उत्तम बघेल,अल्पसं यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साहिद खान, के के अग्रवाल,नवल किशोर श्रीवास्तव, अतुल जैन, दिनेश कुरेती, संतोष गुमास्ता, बालमुकुंद बघेल,यदुनाथ गुमास्ता,लक्की राय,कन्हैया साहू,जनपद सदस्य ममलेश पटेल, जनपद सदस्य ममलेश पटेल,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विनय राय, हमीद खान,राजा पटेल, भीम पटेल,नीलेश जैन, संत कुमार राय,याकूब खान(कल्लन भाई),राधे यादव,भीम गुर्जर, मनोज बकोड़े,रिसभ जैन, नेमी बंजारा, शांति बाई राजनेगी, दीपक साहू,रवींद्र तिवारी, संतोष साहू किमची, राजेश बकोड़े, लक्की बघेल, आशीष जैन, मल्लू यादव,कृष्ण कुमार यादव,आमीन भाई,वाहिद भाई, प्रहलाद राय, रामगोपाल राय,मतीन खान, विजय बस्कड़े,गुलाब कुमरे मीडिया जगत से रामकुमार रजक,पवन अहिरवारएंव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता की उपस्थिति रहीं।

## नवरात्रि पर्व के पहले दुर्गा पंडालों में पहुंचे थाना प्रभारी दी समझाइए

सिवनी यशोः सिवनी जिले में दुर्गा उत्सव की तैयारियां चल रही है। और जगह जगह प्रतिमा को स्थापित करने के लिए पंडाल बनाये जा रहे हैं। वही डूंडा सिवनी पुलिस द्वारा रात्रि के समय उन स्थानों पर पहुंचे जहां दुर्गा उत्सव मनाया जाएगा। और मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल बनाए गए हैं। इन पंडालों में पहुंचकर पुलिस अमले ने समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों एवं लोगों से चर्चा की और कहा कि दुर्गा उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाये। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें की शांति व्यवस्था भंग न हो। योंकि कई बार देखने में आता है कि लोग नवरात्रि के समय गरब सहित कई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। जिनमें फिल्मी गानों की धुन में महिला- पुरुष, युवक- युवती नाचते नजर आते हैं। बीते वर्ष भी सिवनी में कुछ गरबा स्थलों पर फिल्मी गाने एवं बजाए जा रहे थे।

## भाजपा किसान मोर्चा की हुई जिला बैठक आयोजित

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में किसान मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई, बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता डॉ टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में किसान मोर्चे के सभी मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी प्रदेश कर समिति सदस्यों को विधानसभा चुनाव में मोर्चा की भूमिका तथा चुनाव प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई,मंचासीन अतिथियों ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार किसान कल्याण के अनेक कार्य किए हैं इन योजनाओं के जमीनी कार्यों की जानकारी लेकर प्रत्येक किसान मतदाता तक हमें पहुंचना है, मंडला जिले की तीनों विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजय बनाने में किसान मोर्चा अहम भूमिका निभाएगा। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री संजय से सेना जिला प्रभारी किशोर अमूल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक ठाकुर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आलोक दिक्षित भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश शु ला सहित पार्टी के किसान मोर्चा के मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिंदवी स्वराज्य 350वां वर्ष समारोह पर संगोष्ठी आयोजित



लखनादौन यशोः- स्थानीय मंगल भवन में हिंदवी स्वराज्य 350वां वर्ष समारोह के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिंदवी स्वराज्य का 350वाँ वर्ष भारत के निवासियों के लिये सदैव प्रेरणादायी प्रंसग रहा है उस हिंदवी स्वराज्य की परिकल्पना के अनुरूप शब्द निर्माण की लालसा सबके अतः करण में स्फूर्त होती रहे ये विचार संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता सुनील देव जी प्रांत कार्यवाह महाकौशल प्रांत ने उपस्थित जन समुदाय से कही उन्होने शिवाजी महाराज की शौर्य गाथाओं का वर्णन किया इस कार्यक्रम में मु यअतिथि के रूप में उपस्थित सेवा निवृत्त शिक्षक भागचंद यादव ने भी संबोधित करते हुये हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को लेकर शिवाजी महाराज के पराक्रम की चर्चा की है। स्थानीय मंगल भवन में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम का शुभांरत शिवाजी महाराज के चित्र में माल्यार्पण करके दीप प्रजलन कर कार्यक्रम का शुभारंम किया इस अवसर पर कार्यक्रम में सुरेन्द, सौरभ, श्रीमति ममता शर्मा, मुकेश ठाकुर, जयपाल, नीरज दुबे, अधिवक्ता सुर्दशन गोल्हानी एवं विजय उइके सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बडे भाई की स्मृति मे प्रदत्त किया स्वर्ग रथ ट्राली

### विशाल ईनामी दंगल मे मु य अतिथि के रुप किया सहभागिता



सिवनी यशोः- रविवार 08 अे टू को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वयं की ओर से बडे भाई की स्मृति मे स्वर्ग रथ ट्राली प्रदत्त किया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वयं के व्यय पर स्वर्ग रथ ट्राली का निर्माण कराकर अपने बड़े भाई पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय जितेन्द्र राय (पप्पू भैया) की स्मृति मे रविवार को दोपहर के समय बखारी क्षेत्र वासियों को प्रदत्त किया। इस अवसर पर बलराम साहू, अशोक साहू , सुरेश साहू , जितेन्द्र ठाकुर, विक्की पाठक, परसू साहू, श्रीकुमार साहू, श्याम मिलन पांडे , मानक साहू, श्याम ब्र हवंशी, केशलाल बरमैया, शमीम अंसारी, मनोज साहू, सतेन्द्र भारती, प्रयाग भलावी, हरिप्रसाद उइके, बृजेश चंद्रवंशी, अतुल शर्मा, जितेन्द्र धुर्वे, विनोद विश्वकर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।



इसके पश्चात सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हथनापुर मे ग्राम दंगल समिति के तत्वावधान मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मु य आतिथ्य के रूप मे सहभागिता किया।कार्यक्रम में दंगल आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा आपका फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पहलवानों परिचय प्राप्त किया तथा ग्राम दंगल आयोजन समिति की सफल आयोजन के लिए सराहना किया। साथ ही आपने दंगल प्रेमियों के साथ बैठकर कुश्ती के प्रदर्शन का आनंद लिया। इस अवसर पर विनोद सनोडिया जनपद सदस्य, शंकरलाल दाहिया सरपंच, सुरेश सनोडिया, निरंजन मिश्रा, बसंत बघेल सहित समिति पदाधिकारियों एवं बड़ी सं या मे दंगल प्रेमी दर्शकगणों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पूर्व मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के साथ दलसागर तालाब मे फाउंटेन लाईट एंड साउंड सिस्टम कार्य तथा टापू मे राजा दलपत शाह मूर्ति के कार्य का जायजा लिया।

## निक मे जनप्रतिनिधियों के कारण सिवनी का विकास नहीं हो पाया है - मोहन सिंह चंदेल




सिवनी यशोः- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल द्वारा की जा रही ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा दिनांक 6 अे टूबर को ग्राम धाना बाकी जमुनिया सागर लामता चौक एवं गुढ़ी होते हुए शाम 5:00 बजे बखारी पहुंची यात्रा के बखारी पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपतलाल उईके एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री हितेंद्र अप्पू प्रजापति के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। तत्पश्चात बस स्टैंड में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया इस सभा को संबोधित करते हुए पदयात्रा के नायक एवं मु य संयोजक श्री मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि यह यात्रा विगत 30 वर्षों से निरंतर जारी है और यह सब आप सब जनता जनार्दन के सहयोग के कारण ही संभव हो पाया है। श्री चंदेल ने महात्मा गांधी के लोकतंत्र की जो मूल भावना थी कि लोग प्रलोभन में न फंसते हुए स्वतंत्र होकर अपना निर्णय एवं मतदान करें बल्कि जो लोग मतदाताओं को खरीदने की कोशिश करें उन्हें मजा जरूर चखाएं। इसके साथ ही मध्य निषेध एवं आपसी सद्भाव के बारे में भी उन्होंने बताया कि किस तरह भारतीय जनता पार्टी के लोग अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए लोगों को आपस में लडवा देती है। श्री चंदेल ने कहा कि विगत 35 वर्षों से यहां पर भाजपा के विधायक सांसद हैं परंतु हमारे क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के इन निक मे और नाकारा जनप्रतिनिधियों के कारण ही आज तक सिवनी का विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने आम जनता से समय आने पर इन्हें वापस अपने घर पहुंचाने का आव्हान किया।

नुक्कड़ सभा को पदयात्रा में साथ चल रहे पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री विनोद यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी बंडोल के अध्यक्ष श्री विनोद पुरोहित ने भी संबोधित किया। नुक्कड़ सभा का संचालन श्री अप्पू प्रजापति ने किया एवं आभार प्रदर्शन अंबिका प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर श्रीमती आशा चंदेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सुनीता बाई सनोदिया श्रीमती शिवकली बाई धुर्वे ग्राम बदरिया श्रीमती रानी वैष्णो ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष बंडोल दुआ पटेल जिब्राइल अंसारी, उत्तम साहू, गिरधारी पवार, महेंद्र राठौर, नसीम कुरैशी, रवि बंजारा, गुरु उईके दानेमेटा राजेश ऊईके दरिया गोलू दरिया दरवई, रामगढ़ के पूर्व सरपंच श्री राजकुमार सलाम, श्री लोकेश ठाकुर जनपद सदस्य बांकी, श्री ददुआ पटेल बांकी, श्री पूनाराम बंजारा जोरतारा, श्री बलराम जागेला जमुनिया. श्री राजू सनोदिया जमुनिया, श्री सुरेश कुमार सनोदिया सागर, श्री दादू राम सरोदिया बंडोल, श्री अर्पण संध्या, श्री पंकज मिश्रा, पुरुषोत्तम बंजारा एवं मस्त लाल यादव पहलवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हर गाँव में बैंकिंग सुविधा होगी वर्ष 2024 तक - केन्द्रीय गृह मंत्री शाह

भोपाल । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तराखंड के नरेंद्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक हुई। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअली शामिल हुए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने 4 राज्य के मु यमंत्रियों से कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है` योंकि उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ कई मायनों में अन्य राज्यों से अलग हैं। ये राज्य देश के जनजीवन और अर्थतंत्र में अहम योगदान देते हैं। कृषि और पशुपालन जैसी गतिविधियों से मध्य क्षेत्र, देश की जीडीपी में भी महत्वूर्ण योगदान देता है।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश में मातृ शक्ति को स मान और सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, नीति और कानून निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा। समावेशी शासन के नए युग का सूत्रपात हुआ है। लोक सभा और विधान सभा में एक तिहाई स्थानों पर आरक्षण की व्यवस्था के साथ ही राज्यों में भी महिला सशक्तिकरण का वातावरण बन रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नाफेड) द्वारा सभी मक्का उत्पादक राज्यों में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। किसानों की समृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए पोर्टल पर पंजीयन करवाया जा सकता है। देश में जैविक ईंधन को बढ़ावा देने, दलहन-तिलहन के निर्यात, वित्तीय समावेश, अंतर्राज्यीय जल मुद्दों के समाधान आदि कार्यों के लिए परिषद की स्टेंडिंग कमेटी ने प्राथमिकता से कार्य किया है। कुपोषण समाप्ति, कृषि और सहकारिता के क्षेत्र में प्रयास बढ़ाए गए हैं। ऐसा प्रयास है कि आने वाले वर्ष में देश के प्रत्येक गाँव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

मध्य क्षेत्रीय परिषद एक सार्थक मंच केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की पहचान एक सार्थक मंच के रूप में बनी है। गत 9 वर्ष में परिषद की वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक की अवधि के मुकाबले ज्यादा बैठकें हुई हैं। परिषद की स्थायी समिति की जहाँ वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच 14 बैठकें ही हुई थीं, वहीं वर्ष 2014 से 2023 तक मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की नौ साल में 29 बैठकें हो गई हैं जो दोगुनी से ज्यादा हैं। विभिन्न मुद्दों के निराकरण में भी गत 9 वर्ष उपलब्धि से भरे वर्ष हैं। पहले के दशक (2004 से 2014) में जहां 448 मुद्दों पर निराकरण की कार्यवाही हुई, वहीं वर्ष 2014 से अब तक नौ वर्ष की अवधि में 1157 मुद्दों पर निराकरण हो चुका है।

**परिषद ने पारित किया अभिनंदन प्रस्ताव**

बैठक में परिषद ने अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया। इसका उल्लेख करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत ने हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय भूमिका निभाई है, जहाँ एशियाई खेलों में पदकों का शतक मिला है, वहीं जी-20 की बैठकों और आयोजनों को सफलता प्राप्त हुई है। यही नहीं भारत के चंद्रयान ने चंद्रमा पर पहुँच कर देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सभी कार्य अभिनंदनीय है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक में इस अभिनंदन प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त कर सभी मु यमंत्रियों और सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

**केन्द्र-राज्य संबंधों और राज्यों के परस्पर संबंधों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है परिषद की भूमिका- मु यमंत्री चौहान**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संघीय ढांचे को सशक्त किया गया है। परिषद इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। परिषद प्रधानमंत्री के संकल्पों की सिद्धि के लिए कार्य कर रही है। इससे सहकारी संघवाद को बल मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने राज्यों को ताकतवर बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। इसलिए नीति आयोग, मु यमंत्री परिषद और मध्य क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत उपाय किए गए हैं। आत्म-निर्भर भारत की तर्ज पर आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का रोडमैप सबसे पहले मध्यप्रदेश में बना। इस पर अमल भी हुआ। राज्य और केन्द्र मिलकर टीम इंडिया की तरह कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश ने परिषद की गत बैठक के फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। यह बैठक केंद्र, राज्य संबंधों और राज्यों के परस्पर संबंधों की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हुई है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद सेतु का कार्य करती है। परिषद अनुभव साझा करने का सशक्त मंच है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में जटिल विषयों पर समाधान प्राप्त होता है। परिषद ने संविधान की भावनाओं के अनुरूप कार्य किया है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परिषद की बैठकों की निरंतरता और उपयोगिता देखने को मिली है। राज्यों की कार्यशैली और वैचारिक स्तर पर कुछ भिन्नता हो सकती है लेकिन उनके सपने भिन्न नहीं हो सकते। मध्यप्रदेश में अनेक क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है और प्रदेश कई योजनाओं के अमल में देश में प्रथम स्थान पर है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के लिए वरदान है। मु यमंत्री श्री चौहान ने समाधान की पहल के लिए परिषद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि नदी जोड़ों अभियान में मध्यप्रदेश में पहले नर्मदा नदी को क्षिप्रा से जोड़ा गया। इसके बाद कालीसिंध नदी को पार्वती नदी से जोड़ने की पहल की गई। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में मध्य क्षेत्रीय परिषद के माध्यम से राज्यों का परस्पर सहयोग भी बढ़ा है और छोटे-मोटे मतभेद भुला कर विकास का रास्ता निकाला जाता है, जो राज्यों से होकर जाता है।

**बताई गई प्रदेश की उपलब्धियाँ**

बताया गया कि मध्यप्रदेश पाँच किलोमीटर की दूरी के अंदर गाँवों में बैंक शाखाएँ खोलने के कार्य में आगे है। इस कार्य में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के 88 प्रतिशत की तुलना में 92 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित कर चुका है। मध्य प्रदेश में तेजी से बैंकिंग सुविधाएँ बढ़ाई जा रही हैं और ग्रामीणों को बेहतर सुविधा दिलवाई जा रही है। बैठक में पोषण, आँगनवाड़ी केन्द्र, बैंकिंग सुविधाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य विषयों पर चर्चा हुई और राज्यों के प्रयासों की जानकारी दी गई। सहकारिता क्षेत्र की चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि परिषद के 4 राज्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में मध्यप्रदेश में सर्वाधिक सहकारी समितियाँ हैं। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति मिली है। मध्यप्रदेश में 51 हजार 618 सहकारी समितियाँ कार्य कर रहीं है। इनके सदस्यों की सं या एक करोड़ 23 लाख 97 हजार 471 है। सहकार से समृद्धि में मध्यप्रदेश में बालाघाट जिले में परसवाड़ा समिति कार्यरत है। यह एक पायलट प्रोजे ट है, जो सहकारी क्षेत्र में विश्व की बड़ी अनाज भंडारण योजनाओं में से एक है। दूसरे चरण में अन्य जिलों की प्राथमिक कृषि साख समितियों (पै स) को चिन्हित किया गया है। जन औषधि केंद्रों का संचालन भी पै स द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना में भी पै स को पात्र बनाया गया है, जो राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण नल-जल आपूर्ति योजना के संचालन और रख-रखाव में भागीदारी के लिए आगे आई हैं। शैक्षिक सूचकांक में भी मध्यप्रदेश परिषद के चारों राज्यों में बेहतर स्थिति में है। केन्द्र सरकार द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडे स की दृष्टि से मध्यप्रदेश इन राज्यों में से सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाला प्रदेश है।

**समन्वय के साथ समावेशी विकास के एजेंडे पर केन्द्रित बैठक**

परिषद की बैठक में समन्वय के साथ समावेशी विकास के एजेंडे पर विषयवार चर्चा हुई। प्रमुख रूप से गाँवों में बैंक शाखाओं और डाक बैंकिंग सुविधाओं का आच्छादन, महिलाओं-बच्चों के कल्याण, कोदो-कुटकी सहित मोटे अनाजों के लिए समर्थन मूल्य, मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क की समीक्षा, वन भूमि के व्यपवर्तन, लघु वनोपज आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए चिन्हित जिलों में बुनियादी ढांचे का विकास, पोषण अभियान, स्कूली विद्यार्थियों के ड्रॉप आउट रेट में कमी, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और सहकार से समृद्धि के अंतर्गत सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। प्रारंभ में उत्तराखंड के मु यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत उदबोधन दिया। उत्तरप्रदेश के मु यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने परिषद की काशी में होने वाली आगामी बैठक (25 वीं बैठक) के लिए सभी को औपचारिक आमंत्रण भी दिया। उल्लेखनीय है कि परिषद की 23 वीं बैठक की मेजबानी मध्यप्रदेश ने की थी, जो भोपाल में 22 अगस्त 2022 को स पन्न हुई थी। बैठक के अंत में उत्तराखंड सरकार के मु य सचिव ने आभार व्यक्त किया।

